nandgaon times jan-30-3.qxd 1/29/2026 11:56 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विशाल रक्तदान व लर्निंग लाईसेंस... पृष्ठ 2 | धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शुक्रवार, 30 जनवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 108, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सरगुजा पूरे मनोयोग और उमंग के साथ ओलंपिक के आयोजन के लिए तैयार : मुख्यमंत्री साय

## बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर सरगुजा ओलंपिक का होगा आयोजन, मुख्यमंत्री ने सरगुजा ओलंपिक के लोगो और शुभंकर गजरु का किया अनावरण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में बस्तर ओलम्पिक की तर्ज पर आयोजित होने वाले सरगुजा ओलंपिक के प्रतीक चिन्ह (लोगो) एवं शुभंकर च्गजरुज् का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरगुजा अंचल के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब बस्तर की भाँति सरगुजा की खेल प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता दिखाने का सशक्त मंच मिलेगा। मुख्यमंत्री ने 12 खेल विधाओं में लगभग 3 लाख 50 हजार खिलाड़ियों के पंजीयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संख्या सरगुजा अंचल के युवाओं के उत्साह, ऊर्जा और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक में जनभागीदारी ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर खास पहचान दिलाई है और अब वही उत्साह सरगुजा ओलंपिक को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। पंजीयन से यह स्पष्ट है कि सरगुजा पूरे मनोयोग और उमंग के साथ इस आयोजन के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने आयोजन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए सफल आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने सरगुजा ओलंपिक के शुभंकर और लोगो के अनावरण कार्यक्रम में कहा कि इस आयोजन से सरगुजा के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का अच्छा मंच मिलेगा। इसके विजेता खिलाड़ियों को राज्य की प्रशिक्षण अकादमियों में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें यूथ आइकॉन घोषित कर युवाओं व बच्चों को खेलों से जुड़ने और खेलने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरगुजा ओलंपिक 2026 का लोगो इस अंचल की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और खेल भावना

का जीवंत प्रतीक है। लोगो के केंद्र में मैनपाट स्थित प्रसिद्ध टाइगर पॉइंट जलप्रपात को दर्शाया गया है, जो हरियाली, ऊर्जा और निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। मध्य भाग में अंकित च्सरगुजा ओलंपिक 2026ज् आयोजन की स्पष्ट पहचान के साथ स्थानीय गौरव और अस्मिता को अभिव्यक्त करता है। चारों ओर 12 खेलों के प्रतीक चिन्ह समावेशिता और समान अवसर का संदेश देते हैं। रंगों का संयोजन आयोजन की जीवंतता, उत्साह और एकता को प्रकट करता है। लाल रंग का विशेष सांस्कृतिक महत्व पहाड़ी कोरवा जनजाति की परंपराओं से भी जुड़ा है, जहाँ यह शक्ति, साहस और जीवन-ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह रंग सकारात्मकता और संरक्षण का भाव लिए हुए दैवीय शक्ति और मानव जीवन के गहरे संबंध को दर्शाता है। इसी प्रकार सरगुजा ओलम्पिक 2026 का शुभंकर गजरु को रखा गया है, जो सरगुजा अंचल की प्राकृतिक व सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। आदिवासी समाज में हाथी को बल, धैर्य, बुद्धिमत्ता और एकता का प्रतीक माना जाता है। इसकी विशेषताएँ—शक्ति, अनुशासन, संतुलन और निरंतर प्रयास—खेल भावना से जुड़ी हैं तथा झुंड में चलने की प्रवृत्ति टीम वर्क और सामूहिक सहभागिता का संदेश देती है। सरगुजा ओलंपिक के लिए 28 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक पंजीयन किया गया है, जिसमें 06 जिलों से लगभग 03 लाख 50 हजार लोगों ने पंजीयन कराया है। इसमें 1 लाख 59 हजार पुरुष और 01 लाख 89 हजार महिलाओं ने आयोजन में अपना पंजीयन कराया है। कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, रस्साकसी समेत 12 विधाओं में विकासखंड, जिला तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, मुख्य सचिव श्री विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, सचिव खेल श्री यशवंत कुमार, संचालक खेल श्रीमती तनुजा सलाम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राम के आदर्शों को केवल सुनें नहीं, बल्कि अपने आचरण में अपनाएँ : जगजीत सिंह भाटिया

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया और चौकी विकासखंड के

ग्राम बड़गांव, परेवाडीह,बहोरनभेड़ी,खपराभांठ, गैंदाटोला में आयोजित श्रीराम चरित मानस सम्मेलन में समापन अवसर के बतौर मुख्यातिथि अतिथि के रूप में जगजीत सिंह भाटिया वही अध्यक्षता संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,कांता प्रसाद साहू मौजूद रहे । सभी स्थानों पर अपने विचार रखते हुए भाटिया ने कहा कि आज हम यहाँ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन कथा को स्मरण करने के लिए एकत्रित हुए हैं। श्रीराम केवल अयोध्या के राजा नहीं थे, वे सत्य, धर्म, करुणा और त्याग के सजीव प्रतीक हैं। श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी ही कठिन क्यों न हों,धर्म का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। वनवास जैसा कठिन समय आया, फिर भी श्रीराम ने पिता की आज्ञा को सर्वोपरि माना। माता सीता का अपहरण हुआ, तब उन्होंने अन्याय के सामने झुकने के बजाय धैर्य, साहस और नीति के साथ संघर्ष किया। श्री सिन्हा ने कहा कि रामायण हमें यह भी सिखाती है कि सीता जी त्याग और पवित्रता की मूर्ति हैं,लक्ष्मण जी कर्तव्य और सेवा के आदर्श हैं, हनुमान जी भक्ति, शक्ति और समर्पण के प्रतीक हैं। श्रीराम की कथा केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि आज के जीवन का मार्गदर्शन है। जब हम सत्य बोलते हैं, माता-पिता का सम्मान करते हैं, समाज में न्याय और प्रेम का भाव रखते हैं तब हम अपने जीवन में राम को उतारते हैं।आज आवश्यकता है कि हम राम के आदर्शों को केवल सुनें नहीं, बल्कि अपने आचरण में अपनाएँ। अंत में मैं यही कहना चाहूँगा जहाँ राम हैं, वहाँ धर्म है, जहाँ धर्म है, वहाँ विजय है । इस अवसर पर महेश मंडावी समाजसेवी,टीकम साहू सहित सभी स्थानों पर धर्म अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लड़ाई लड़ने पर मिलने लगा हक... धीरेन्द्र

**डोंगरगढ़/राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्षों तक नक्सल हिंसा, भय और विस्थापन का दंश झेल रहे मानपुर ज़िला के 26 नक्सल पीड़ित परिवारों को आखिरकार स्थायी आवास का अधिकार मिल गया है। जिले में नक्सल हिंसा के कारण अपने घर-गांव छोड़ने को मजबूर हुए परिवार लंबे समय से असुरक्षा और अनिश्चित भविष्य में जीवन यापन कर रहे थे। पुलिस मुखबिर होने के संदेह में परिजनों की हत्या, धमकियों और डर के चलते कई परिवारों को पलायन करना पड़ा था। इसके बाद से वे शासन से पुनर्वास और आवास की मांग कर रहे थे। धीरेन्द्र बबला साहू ने बताया की लगभग मानपुर ज़िला मे 100 नक्सल पीड़ित परिवार हैं, जिनमें से 26 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान स्वीकृत किए गए हैं। धीरेन्द्र ने बताया की हमने पुनर्वास नीति पर उचित कार्यावही करने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर बात रखी थी जिसके फलस्वरुप आज लाभ पीड़ितों को मिलने लगा हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि यह सिर्फ मकान नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष और लड़ाई का परिणाम है।

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
राजनांदगांव (छ.ग.) | मो.- 9301033013, 9752899208
ओ.पी.डी. सेवाएं

| विशेषज्ञता | समय |
|---|---|
| मेडिसिन विभाग | 9:00 बजे से 3:00 बजे तक |
| शिशु रोग विभाग | 9:00 बजे से 10:00 बजे तक / 1:00 बजे से 2:30 बजे तक |
| स्त्री रोग विभाग | अपराह्न 11:00 बजे से 2:00 बजे तक |
| नाक कान गला रोग विभाग | 11:00 बजे से 2:00 बजे तक |
| यूरोलॉजी विभाग | प्रत्येक मंगलवार 11:00 बजे तक |
| न्यूरोलॉजी विभाग | प्रत्येक गुरुवार शाम 6:00 बजे, 12.01 व मंगलवार सायंकाल 3.00 बजे |
| त्वचा रोग विभाग | रविवार से शनिवार 11:00 बजे तक |
| आर्थोपेडिक विभाग | प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार 9:30 बजे से 11:00 बजे तक |
| सर्जरी रोग विभाग | रविवार व मंगलवार अपराह्न 1:00 बजे से 2:00 बजे तक |
| जनरल मेडिसिन विभाग | सोमवार से शनिवार 1:00 बजे से 2:00 बजे तक |
| शिशु रोग व स्त्री रोग विभाग | सोमवार से शनिवार |

अग्रीम पंजीयन नंबर - 7772032888

# बिना अनुमति ठेकेदार ने खोद डाली डामर की सड़क

## विभागीय अधिकारियों ने रूकवाया काम, मामला न.पं छुरिया में पाईप लाईन विस्तार का

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन 2.0 में पाईप लाईन विस्तार में ठेकेदार ने बिना अनुमति के ही डोंगरगांव मार्ग पर डामर की सड़क खोद डाली । जानकारी मिलते ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए काम रूकवाया ।

नगर पंचायत छुरिया सीमा क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन 2.0 योजना के तहत जल प्रदाय योजना में 29 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है । जिसका ठेका एजीस कंपनी राजनांदगांव को मिला है । इस योजना में सूखा बैराज चिढ़ी से लगभग 20 किलोमीटर पाईप लाईन विस्तार का कार्य किया जा रहा है । जहां ठेकेदार ने छुरिया-डोंगरगांव मार्ग 20 मीटर कांक्रीट डामर की सड़क बिना अनुमति के खोद डाली । खबर मिलते ही लोक निर्माण विभाग के विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सड़क खुदाई की परमिशन संबंधित ठेकेदार से दस्तावेज की मांग की गई, जिसे ठेकेदार उपलब्ध नहीं करा सका । जहां विभागीय कर्मचारियों ने फटकार लगाते हुए तत्काल काम रूकवाया ।

**क्रास रोड के परमिशन की आड़ में खोद डाली सड़क**

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जल जीवन मिशन के तहत छुरिया नगर पंचायत में चिन्हाँकित पांच जगहों पर 18 मीटर के क्रास रोड की परमिशन मिली थी । जिसकी आड़ में ठेकेदार ने लगभग 20 मीटर कांक्रीट डामर की सड़क खोद डाली। जिससे सड़क पर चलने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होने की प्रबल संभावना है ।

**नियम एवं शर्तों का खुला उल्लंघन**

शासन के नियमानुसार पाईप लाईन विस्तार कार्य में सड़क खोदाई के दौरान सूचना बोर्ड, बेरीकेट, झण्डा लगाना अनिवार्य किया गया है ताकि निर्माण कार्य के दौरान राहगीरों को दुर्घटना से बचाया जा सके । लेकिन ठेकेदार इन नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए शासन के नियमों का धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं.

**अनजान, नगर पंचायत अधिकारी**

छुरिया-डोंगरगांव सड़क मार्ग पर बेधड़क, बेखौफ बिना अनुमति के 250 मीटर सड़क के सोल्डर किनारे एवं 20 मीटर कांक्रीट सड़क ठेकेदार ने खोद डाली । जिससे अनजान नगर पंचायत के अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी । लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जब काम रूकवाकर उन्हें जानकारी दी तभी हरकत में आए नगर पंचायत के अधिकारी । इससे अनुमान लगा सकते हैं कि नगर के अन्य निर्माण कार्यों का क्या हाल होगा ।

## मनगटा के 49 रिसॉर्ट्स पर पुलिस का धावा, 5 में परोसी जा रही थी अवैध शराब, संचालकों पर केस दर्ज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने गुरुवार को मनगटा क्षेत्र के रिसॉर्ट्स पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में 40 पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीमों ने एक साथ करीब 49 रिसॉर्ट्स में दबिश दी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जांच के दौरान रॉक हाउस, वनांचल, स्काय, डी कास्टल और विसलिंग वुड्स रिसॉर्ट में अवैध रूप से शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई। पुलिस ने इन रिसॉर्ट्स के संचालकों व प्रबंधकों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी) के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले एक व्यक्ति पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी रिसॉर्ट संचालकों को भारतीय न्याय संहिता के नियमों का पालन करने हेतु सख्त नोटिस और चेतावनी जारी की है।

# हिन्दू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत संस्कारधानी में जगतगुरू शंकराचार्य का दिव्य प्रवास

## दो दिवसीय प्रवास में दीक्षा, दर्शन और सनातन धर्म मीमांसा का मार्गदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत अनन्तश्री विभूषित श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर संस्कारधानी राजनांदगांव में विराजित हुए। उनके पावन आगमन से संपूर्ण नगर में धर्म, साधना और सनातन चेतना का वातावरण निर्मित हुआ।राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पाटीदार भवन में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं, धर्मावलंबियों और सनातन संस्कृति के अनुयायियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर जगद्गुरु शंकराचार्य जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया।अपने प्रवास के दौरान श्रीमज्जगद्गुरु

शंकराचार्य जी ने 70 धर्मावलंबियों को दीक्षा प्रदान कर अनुग्रहित किया। 28 एवं 29 जनवरी को आयोजित कार्यक्रमों में भक्तजनों को सनातन धर्म की गूढ़ मीमांसा, जीवन मूल्यों और वैदिक दृष्टि से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी ने दर्शन और दीक्षा के साथ श्रद्धालुओं से सीधा संवाद भी किया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। आयोजकों ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य जी का राजनांदगांव आगमन केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वैचारिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उनके दर्शन एवं प्रवचनों के लिए राज्यभर से बड़ी संख्या में अनुयायी राजनांदगांव पहुंचे। श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य जी के आगमन एवं प्रवास के दौरान श्री शंकराचार्य जी स्वागत समिति, पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी सहित अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। स्वागत समिति के प्रमुख दिनेश झा, नीरज पांचार्य, देवेंद्र ठाकुर, सूरज वैष्णव, लव नेताम और सागर यादव ने आयोजन में सम्मिलित हुए सभी सनातन धर्मावलंबियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में ग्राम सभा आज

**तुमड़ीबोड़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में 30 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का विषय इस तरह है, ग्राम सभा के पूर्व बैठक में पारित संकल्पो के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रति , विगत तिमाही के आय व्यय की समीक्षा व अनुमोदन, स्वीकृत कार्यों का सामायिक अंकेक्षण , अविवादित नामांतरण बटवारा, फौती संबंध में जानकारी, वी बी जी राम जी के प्रावधानों में चर्चा, एचआईवी, बाल विवाह रोकथाम, पीएम सूर्य घर ओडीएफ मॉडल पर चर्चा, धरती माता बचाओ अभियान निगरानी समिति का गठन,मोरगांव, मोर पानी, बोरी बंधान ,मिशन जल संरक्षण पर चर्चा, मनरेगा अंतर्गत रोजगार मुलक कार्यों की पहचान, तालाब लीज में दिए जाने बाबत प्रस्ताव, नशा मुक्त ग्राम बनाने व फर्नीचर कंपनी संबंध में चर्चा, अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा व प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से रखे जाएंगे।

# जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में खुशी का माहौल

## अब तक जिले में 122216 पंजीकृत किसानों से 1457 करोड़ 36 लाख 28 हजार रूपए मूल्य का 6138866 क्विंटल धान की खरीदी

### अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1824723.10 क्विंटल धान का उठाव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी का माहौल है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक

एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 122216 पंजीकृत किसानों से 1457 करोड़ 36 लाख 28 हजार रूपए मूल्य का 6138866 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1824723.10 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

nandgaon times jan-30-3.qxd 1/29/2026 11:56 PM Page 2



# विशाल रक्तदान व लर्निंग लाईसेंस शिविर में उमड़ी भीड़

## यातायात नियमों की जानकारी के साथ हेलमेट का किया गया वितरण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सड़क् सुरक्षा माह अंतर्गत स्थानीय पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में आज आयोजित हेलमेट जागरूकता, रक्तदान शिविर तथा लर्निंग लाइसेंस शिविर में लोगों की अच्छर भीड़ उमड़ी। रक्तदान शिविर में युवाओं और महिलाओं का भी उत्साह सामने आया और निर्धारित समय तक कुल 90 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं 72 लोगों का शिविर स्थल पर ही लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। सड़क् सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि एसडीओपी मंजूलता बाज, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, व रक्तवीर फ़ोन्द्र जैन, दिनेश चंद नखत सहित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

हेलमेट संगवारी साहू परिवार द्वारा प्रेस क्लब तथा नंदेश्वर गौशाला परिवार के सहयोग से लगातार दूसरे वर्ष इस शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए एसडीओपी बाज ने कहा कि अपने घर में घटी घटना से प्रेरणा लेकर पिछले कई साल से साहू परिवार नि:शुल्क हेलमेट वितरण का कार्य कर रहा है, जो कि

सराहनीय है। उन्होने कहा कि हेलमेट हमारा तो जीवन बचाता ही है, वरन् हमारे साथ जुड़े अनेक लोगों के जीवन को भी सुरक्षित करता है। साहू परिवार ने अभी तक जनजागरूकता के तहत सैकड़ों लोगों को हेलमेट का वितरण किया है, जोकि सराहनीय ही नहीं वरन् प्रशंसनीय है। इसके अलावा उन्होनें ब्लड बैंक कैंप तथा लर्निंग लाइसेंस कैंप लगाने की भी सराहना की। नपं अध्यक्ष श्रीमती त्रिपाठी ने जनहित के इन कार्यों को अपने जीवन का उद्देश्य बनाने वाले साहू परिवार की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए लोगों में जनजागरूकता हेतु ऐसे शिवरों के आयोजन पर बल देते हुए कहा कि परिवार के मुखिया के चले जाने से परिवार किसी तरह त्रासदी भोगता है, इसे बयान करना बहुत पीड़ादायक है। उन्होनें सभी यातायात के नियमों के पालन की भी अपील की। कार्यक्रम में नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, रक्तवीर फ़ोन्द्र जैन आदि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी ने आयोजन की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी मंजूलता बाज द्वारा उपस्थितजनों को हेलमेट जागरूकता हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले सभी लोगों को अतिथियों के करकमलों द्वारा हेलमेट तथा ड्राइविंग लाइसेंस हेतु पंजीयन कराने वालों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में विशेष सहयोग हेतु रक्तवीर फ़ोन्द्र जैन, आयोजन में सहभागी प्रेस क्लब, नंदेश्वर गौशाला सहित अन्य सहयोगियों का मुमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन लविन्द्र साव ने तथा आभार कार्यक्रम संयोजक तथा छ. ग. शासन द्वारा राहवीर सम्मान से सम्मानित धर्मेन्द्र साहू ने किया। शिविर में अनेक लोगों को नेत्र जांच के बाद नि:शुल्क चश्मा का भी वितरण किया गया। इसके अलावा शिविर स्थल पर ही बीपी, शुगर आदि की जांच सहित अनेक हितग्राहियों का जांच कर मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से बीएमओ डॉ. रागिनी चन्द्रे, हेलमेट संगवारी परिवार की प्रेरणास्रोत कुमारी बाई साहू, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन, कोमल साहू, पदमिनी ठाकुर, निर्मला मालेकर, राजा जैन, टीआई आशीर्वाद रहटगांवकर, यातायात विभाग के श्री श्रीवास्तव, प्रेस क्लब के बालकृष्ण सिन्हा, गोविन्द गुप्ता, दिवाकर सोनी, घनश्याम साव, देवेन्द्र गुप्ता, टिन्कू देवांगन, महेन्द्र लेंझारे, प्रकाश गुप्ता, सिद्धमचोपड़ा, आदि उपस्थित थे।

# सेजेस के 'तरंग' में झूम उठे बच्चे और पालक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बुधवार को वार्षिक उत्सव तरंग 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर से लेकर हायर सेकण्डरी स्तर के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश गांधी पूर्व अध्यक्ष जिपं राजनांदगांव एवं विशिष्ट अतिथि भरत वर्मा उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव, लक्ष्मीनारायण गुप्ता पूर्व नपं अध्यक्ष डोंगरगांव सहित रंजीत पडौती अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव, दीना पटेल, रामकिशन माहेश्वरी, स्वरूपचंद जैन, योगेश पटेल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति उपाधि महाविद्यालय डोंगरगांव, पार्षदगण प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मीनारायण सेन, लीलाधर मंडलोई, मनबोधी पटेल, पुरुषोत्तम साहू के अलावा अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन अर्चन से हुई। इस गरिमामय कार्यक्रम में भरत वर्मा ने स्टूडेंट्स को मोबाइल के लत से बाहर निकलने की सलाह दी और पेरेंट्स को उसके दुस्प्रभाव से बच्चों को बचाने कहा। वहीं दिनेश गाँधी ने नकली फ़िल्मी सितारों को अपना आदर्श न बनाते हुए देश के महापुरुषों के नैतिक चरित्र का अनुकरण करने की सलाह दी और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साधने मे युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें इस दिशा मे अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें राजस्थानी, पंजाबी, आदिवासी छत्तीसगढ़ी जैसी विविध परंपराओं पर आधारित बहुरंगी कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। बच्चों ने अपनी-अपनी प्रतिभा के अनुसार शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बच्चों ने महिसासुर मर्दनी और झांसी की रानी की थीम पर प्रशंसनीय अभिनय किया और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के अंत में खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरुण जैन, सदस्यगण रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, गुलशन हिरवानी कुंती आल्हा, नीलम मानिकपुरी, संदीप जैन, संदीप रब्बाकर विधायक प्रतिनिधि एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफउपस्थित रहे. कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन भरतलाल देवांगन संस्था प्राचार्य के द्वारा किया गया. आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं सहित पालकगण उपस्थित रहे।

**महिसासुर मर्दनी और झांसी की रानी ने बांधे रखा शमा**

## सामुदायिक भवन या मंदिर निर्माण- ग्राम पंचायत सचिव- सरपंच व इंजीनियर की मनमानी

**मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** औंधी ग्राम पंचायत में इन दिनों एक निर्माण कार्य को लेकर सवाल खड़े हो गए

हैं। स्कूल परिसर के पीछे बन रहे सामुदायिक भवन के अंदर एक मंदिर संरचना दिखाई देने से ग्रामीणों में चर्चा तेज हो गई है। निर्माणाधीन भवन के बीचों-बीच पहले से मौजूद मंदिर को लेकर यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इंजीनियर द्वारा भवन का ले-आउट किस आधार पर तैयार किया गया ? ग्रामीणों का कहना है कि यदि भवन का निर्माण मंदिर को हटाकर किया जाना था तो पहले स्पष्ट निर्णय लिया जाना चाहिए था। वहीं यदि मंदिर को यथावत रखना है, तो क्या भवन का नक्शा उसी अनुरूप संशोधित किया गया है ?

फ़िलहाल स्थिति यह है कि भवन की दीवारें खड़ी हो चुकी हैं और मंदिर अंदर ही दिखाई दे रहा है, जिससे भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है क्या भवन पूर्ण होने के बाद मंदिर को तोड़ा जाएगा, यदि ऐसा हुआ तो धार्मिक आस्था से जुड़ा मामला तूल पकड़ सकता है। और यदि मंदिर को अंदर ही रखा जाएगा, तो क्या यह भवन की उपयोगिता और संरचनात्मक सुरक्षा पर असर डालेगा ? स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर बिना स्पष्ट जन-सहमति के निर्माण कार्य आगे बढ़ाया गया। वहीं कुछ ग्रामीण इसे प्रशासनिक लापरवाही मान रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इंजीनियर और पंचायत प्रतिनिधि सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करें। मामले को लेकर पंचायत सरपंच और सचिव का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आ सकी है। अब ग्रामीणों की निगाह प्रशासन पर है कि क्या इस पूरे प्रकरण की जांच होगी और निर्माण कार्य की रूपरेखा सार्वजनिक की जाएगी। धार्मिक आस्था, सरकारी निर्माण और प्रशासनिक पारदर्शिता—तीनों पहलुओं से जुड़ा यह मामला आने वाले दिनों में बड़ा मुद्दा बन सकता है। अब देखना होगा—क्या जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जवाब देंगे, या सवाल यूँ ही अनुत्तरित हेंगे।

**शुभांक**
**1-9-0**
**788-3 159-5**
**भाग्यांक**
**134-8 247-3**

# राजस्व करो का ऑन लाईन संधारण एवं वसूली हेतु निगम सभागृह में प्रशिक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सत प्रतिशत वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑन लाईन संधारण तथा वसूली हेतु ऑन लाईन मोड में किये जाने निगम सभागृह में आयुक्त की उपस्थिति में राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला के लिये निगम सभागृह में आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के द्वारा बनाया गया साफ्टवेयर का प्रेजेंटेशन देकर प्रशिक्षण दिया गया। नगर निगम के राजस्व अमला द्वारा करदाताओ के घर व प्रतिष्ठान का सत्यापन कर डिमाण्ड तैयार किया गया है। साथ ही जिन घरों का डिमाण्ड में दर्ज नहीं है उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। भौतिक सत्यापन उपरांत डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी समय समय पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा एवं राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी द्वारा समीक्षा की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के विरूद्ध वसूली हेतु एवं करदाताओं की सुविधा के लिये ऑन लाईन वसूली किये जाने की तैयारी की जा रही है। इसी कडी मे आज निगम सभागृह में आई.सी.आई.सी.आई. बैक के अधिकारी ने राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा

कर्मचारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर की मांग का ऑन लाईन संधारण करने संबंधी जानकारी दी गयी, साथ ही करदाताओं की सुविधा हेतु यू.पी.आई. वालेट, चेक, कार्ड, नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से करों का भुगतान की सुविधा कैसे उपलब्ध कराना है जानकारी दी गयी तथा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक द्वारा बनाये गये साफ्टवेयर का प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रशिक्षण लेकर राजस्व अमला करदाताओं को ऑन लाईन सुविधा के बारे में जानकारी देगे, ऑन लाईन सुविधा का लाभ मिलने से करदाता करों का भुगतान करने में रूचि लेंगे। नगर निगम क्षेत्र में स्थित संपत्तियो की जानकारी समस्त करदाताओ को ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा तथा एप लागू होने से वार्ड के प्रत्येक घरो में आई.डी . नम्बर जनरेट किया जाएगा। उक्त आई.डी. नम्बर से वार्ड में स्थित मकान के टेक्स संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज के युग में ऑन लाईन के माध्यम से ही खरीदी बिक्री की जा रही है, इस आधार पर कर अदायगी में भी करदाता इसका लाभ उठायेगे, जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने सभी राजस्व प्रभारियो से कहा कि ऑनलाईन भुगतान हेतु अपने अपने प्रभारित क्षेत्र में करदाताओ को ऑनलाईन सुविधा का लाभ उठाने जानकारी देवे। बैठक में राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, वार्ड प्रभारी एवं आई.सी.आई.सी.आई. बैक के अधिकारी उपस्थित थे।

# राजेश्वरी करुणा हायर सेकेंडरी स्कूल, चिखली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, गणतंत्र दिवस एवं रंगारंग कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगाव चिखली वार्ड नंबर 6 मे संचालित राजेश्वरी करुणा हायर सेकेंडरी स्कूल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी में 26 जनवरी एवं रंगारंग विभिन्न कार्यक्रम उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी विभिन्न कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन, किया गया। बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के

मुख्य अतिथि एवं स्कूल के संचालक श्री चुन्नीलाल शर्मा जी, श्री ओमप्रकाश शर्मा जी,तथा विशेष अतिथि श्री राजेश मौली जी रहे। सभी मुख्य अतिथियों ने अपने विचार और अपनी वाणी से सम्बोधित कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के संस्थापक श्री चुन्नीलाल शर्मा जी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में जापान जैसी शिक्षा प्रणाली अपनाई जाएगी, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प सांस्कृतिक समिति, राजनांदगांव के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए चिखली पुलिस को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मे सम्मिलित सम्मानीय व्यक्ति एवं साथ ही, कार्यक्रम में शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सहयोग प्रदान करने के लिए भारत संवाद न्यूज के छत्तीसगढ़ स्टेट हेड श्री शेखर ठाकुर जी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## संगठन सर्वोपरि: जिला अध्यक्ष विपिन यादव को साथ बैठकर प्रदेश अध्यक्ष का स्पष्ट संदेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट हेतु अपने रायपुर प्रवास पर रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष विपिन यादव की गरिमामयी एवं सशक्त उपस्थिति ने कांग्रेस संगठन की एकजुटता, अनुशासन और मजबूत नेतृत्व को प्रभावी रूप से रेखांकित किया।

प्रदेश अध्यक्ष से हुई मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने राजनांदगांव जिले से जुड़े महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने घुमका ब्लॉक में आयोजित धरना-प्रदर्शन की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका एवं जनभावनाओं से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूरे गंभीरता से विषय को सुना और जनसंघर्षों की सराहना करते हुए संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने विशेष रूप से जिला अध्यक्ष विपिन यादव को मंच पर बुलाकर अपने साथ बैठाया और उनके साथ ही मीडिया को संबोधित करते हुए प्रेस वार्ता ली। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और संगठन की मजबूती सामूहिक एकजुटता से ही संभव है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 184490/निविदा सूचना क्र. 18/कोलि/2025-26, राजनांदगांव, दिनांक 28.01.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 18.02.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड राजनांदगांव की हरदी माईनर केनाल के लिए रोड निर्माण कार्य (छिपाजिट 'मद के अंतर्गत)

**अनुमानित लागत** - रू. 20.91 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04.02.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग,**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

G-06340/4


## रणजी ट्रॉफी : राजनांदगांव के उभरते सितारे विकल्प तिवारी की शानदार पारी, हैदराबाद के खिलाफ 94 रन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रणजी ट्रॉफी एलीट

मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेल रहे राजनांदगांव के उभरते सितारे विकल्प तिवारी ने हैदराबाद के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 94 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनकी इस जिम्मेदार पारी की बदौलत छत्तीसगढ़ ने पहली पारी में मजबूत स्कोर खड़ा किया। मैच जिमखाना ग्राउंड हैदराबाद में खेला जा रहा है।

मैच के दौरान विकल्प तिवारी ने पी.एम. यादव के साथ मिलकर 185 रनों की अहम साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने धैर्य और आक्रामकता का संतुलित प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।


**आम - सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पश्चकार ने बलदेव कुंजाम पिता जगत राम कुंजाम एवं भगवानीराम कुंजाम आ. जगत राम कुंजाम दोनों निवासी ग्राम -आमाटोला तह. व जिला-राजनांदगांव। से आमाटोला का खसरा नं. 108/1, 118, रकबा 4.7271 एकड़ एवं ग्राम सिंघाभेड़ी का ख. नं. 139/5, 39/2,323/5, 335/12 एवं 295/6 कुल खसरा 5 रकबा 4.1116 एकड़ एवं ग्राम आमाटोला का ख. नं 86 एवं 93/3 रकबा 1.4504(तीनों का कुल रकबा 10.2891 एकड़ ) से सौदा तय कर बयाना दे दिया है। सिर्फ पंजीयन शेष है

अतः सर्व साधारण को संसूचित किया जाता है कि यदि उक्त भूमि पन किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय या बैंक आदि का कोई स्वत्व, हित, हक याअधिकार सन्निहित हो तो इस संबंध में किसी प्रकार को कोई उजर आपत्ति य दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपना दावा-आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात किया गया दावा/आपत्ति की गई ते वह शून्य और अमान्य होगी। और मेने पश्चकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**सूचना जाने**

दिनांक 29/01/2026

**सुरेन्द्र सिंह ठाकुर**
**अधिवक्ता**
**मोहन नगर, राजनांदगांव**
**मो: 9165433110**



**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

ई-कोर्ट क. 202601080200009/अ-9-(3) वर्ष-2025-26
नगर पंचायत: ईदेरी
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जिला परिवहन अधिकारी, कबीरधाम ने अपने पत्र क्रमांक 1528/स्था./जि.प.अ./2026 कबीरधाम, दिनांक 06.01.2026 के माध्यम से नगर पंचायत ईदेरी तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 2453, 2454 क्रमशः रकबा 0.3880, 0.8010 हैक्टेयर में से 03 एकड़ शासकीय भूमि छत्तीसगढ़ राज्य के जिलो मे मोटरयानों के निरीक्षण एवं प्रमाणन सेंटर तथा परिवहन कार्यालयों के अटोमेटेड ड्रायविंग परीक्षण प्रणाली (ई-ट्रैक) की स्थापना हेतु भूमि आवंटन की मांग किया गया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत तिथि 12/02/2026 तक अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया

**नायब तहसीलदार**
**तहसील पिपरिया**
**जिला कबीरधाम**
**सील**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

मामले का विषय ङ्क मौका अनुसार नक्शा मुहया हेतु
मामला क्रमांक - 202601092200031
अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

**आवेदक** :- 1. मसेन शर्मा पति मोहन लाल शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी कुचवारी पारा डोंगरगढ़ कोम्हन ग्राम राजकड़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव (छ.ग.)

**विरुद्ध**

अनावेदक :- 1. श्री कृष्ण कुमार कटरे पिता मोतीलाल कटरे कुरूक ग्राम राजकड़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि मसेन शर्मा पति मोहन लाल शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी कुचवारी पारा डोंगरगढ़ कोम्हन ग्राम राजकड़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका के निजी भूमि स्थापित एवं आविपन्न में एकल खाते में ग्राम राजकड़ प.ह.न. 29 ख.नि.क्र. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में स्थित कालकलाही भूमि जिसका खसरा नम्बर 50/6 का रकबा 0.344एवं खसरा नम्बर 50/11 का रकबा 0.1218, कुल खसरा नम्बर 02 कुल रकबा 0.465है. लगाती है, जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक 2171975 है ? उपरोक्त खसरा स्थित भूमि मनुजत मौका अनुसार अधिक है जो कि मूल आवेदिका के अधिपत्य में है जिस पर मैं काबिज हूँ। जिसमें मेरे अगत वगत वाले खसरे के व्यक्ति / महिला को किसी प्रकार कोई आपत्ति नही है ? मै आवेदिका अपने उपरोक्त खसरा स्थित भूमि का मौका अनुसार रकबा को अभिलर्ख एवं राजस्व रिकार्ड में नक्शा दुरुस्त करवाना हेतु निवेदन किया गया है। उपरुक्त मामले की सुनवाई दिनांक 03/02/2026 को दिन के 11.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) पर होगी।

आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**सील** **तहसीलदार डोंगरगढ़**



**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.मा.क्रं. ध-202601090100022
अ/21 (1) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरगा प.ह.नं.-29, रा.नि.मं. मुकुटदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री केशवराम बनवर पिता झाड़ूराम कंवर, निवासी ग्राम बरगा पो० पेड्डी तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने नाम व स्थापित की ग्राम बरगा प०ह०नं० 29 ख०नि०मं० मुकुटदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं0 335/5 रकबा 1.06 एकड़/0. 429जे0 भूमि को मकान निर्माण, कृषि को उक्त बनाने हेतु रकम की आवश्यकता होने से मैं आदिवासी व्यक्ति श्रीमती उषा मिश्रा पति श्री कमल मिश्रा, निवासी वार्ड नं0 38 बसंतपुर जिला राजनांदगांव के पक्ष में विक्रय की अनुमति प्रदान करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में भू-राजस्व संहिता की धारा 165(6) के प्रावधानों के तहत विस्तृत जांच एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

आवेदक के स्थापित की उक्त आवेदित भूमि विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने के संबंध में विचारार्थ प्रकाश में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 16/02/026 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार / उद्घोषणा आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक :- 29/01/2026**
**सुनवाई दिनांक :- 16/02/2026**

**सील** **नायब तहसीलदार राजनांदगांव**



**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव जिला- राजनांदगांव**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर एसोसिएट्स पार्टनर 1. विनोद बोहरा 2. विकास बोहरा 3. राहुल बोहरा 4. रोशन बोहरा चारों पिता श्री जेठमल बोहरा निवासी समस्तिटी कॉलोनी कंचनबाग लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 15028 रकबा 1.8130 है. 209/3 रकबा 0.1050 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 1.9180 है. भूमि के खसरा नंबरों का नक्शा खसरा एवं पांचसाला खसरा खसरा में खसरा सविलियन किये जाने का निवेदन किया है।

उपरान्त के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 06/02/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक :- 23/01/2026**
**पेशी दिनांक :- 06/02/2026**

**सील** **तहसीलदार राजनांदगांव**

nandgaon times jan-30-3.qxd 1/29/2026 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में स्पेसटेक सेक्टर के लिए भारत का पहला बीमा किसने लॉन्च किया है?*
*2) किस देश में पहली बार सुअर की किडनी जीवित व्यक्ति में प्रत्यारोपित की गई है?*
*3) दिवयासलाईज़ किस नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की आत्मकथा है?*
*4) वर्ल्ड वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन डे हर साल किस दिन मनाया जाता है?*
*5) भारतीय रेलवे ने देश का सबसे लंबा एलिवेटेड ग्रेड सेपरेटर ब्रिज किस राज्य में चालू किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**

## उत्तर माला

(1) टाटा एआईजी (2) अमेरिका (3) कैलाश सत्यार्थी (4) 4 दिसंबर (5) मध्य प्रदेश

# धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं पर भड़के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू

## किसानों की समस्याओं को लेकर अंजोरा सोमनी केंद्रों का किया निरीक्षण, मौके पर ही अधिकारियों से की चर्चा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** टेड़ेसरा सोमनी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने धान खरीदी केंद्र अंजोरा एवं सोमनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को जाना और मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर समाधान सुनिश्चित कराया। निरीक्षण के दौरान मगरलोटा निवासी किसान राजेन्द्र साहू एवं उग्रसेन साहू ने बताया कि उनका टोकन कटने के बावजूद धान खरीदी से मना किया जा रहा था जिससे वे काफी परेशान थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए भागवत साहू ने तुरंत नायब तहसीलदार गंगाधर राव से फोन पर चर्चा की जिसके बाद तत्काल किसानों का धान खरीदी कराया गया। भागवत साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में किसानों के प्रति तानाशाही रवैया देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की घोषणा की गई थी लेकिन भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों से बचा हुआ धान जबरन समर्पित कराया जा रहा है जिससे किसान ठगा महसूस कर

रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीदी छोड़कर पटवारी व राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी किसानों के घर आना तलाशी लेने पहुंच रहे हैं जिससे ग्रामीण इलाकों में भय का माहौल बन गया है। किसानों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के उच्च अधिकारियों का घर आना मानसिक दबाव पैदा कर रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि धान खरीदी केंद्रों में चूहे नियंत्रण की व्यवस्था अब तक नहीं की गई जिससे धान को नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी ओर धान का उठाव समय पर नहीं हो पा रहा जिससे केंद्रों में अव्यवस्था बनी हुई है। जानकारी के अनुसार धान खरीदी केंद्र अंजोरा में कुल 975 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 919 किसान ही धान बेच पाए हैं। वहीं सोमनी धान खरीदी केंद्र में 1419 पंजीकृत किसानों में से केवल 1293 किसान ही धान बिक्री कर सके हैं। किसानों का यह भी आरोप है कि बिना पूरी जानकारी दिए उनसे धान न बेचने का समर्पण पत्र हस्ताक्षर कराया जा रहा है जो पूरी तरह अनुचित है। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू के साथ कांग्रेस टेड़ेसरा मंडल अध्यक्ष परस राम साहू, मनोज साहू, किसान राजेन्द्र साहू, उग्रसेन साहू (मगरलोटा), हीरालाल सिन्हा, प्यारी राम, भूपेंद्र यादव, जीवरतन साहू, नरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। भागवत साहू ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में विद्यारंभ-संस्कार व ग्रेंड पैरेंट डे हर्षोल्लास से मना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चैक, में विद्यारंभ-संस्कार व ग्रेंड पैरेंट डे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यारंभ संस्कार 23 जनवरी को प्रात: 9 बजे से दोप. 1 बजे तक पूरे विधि.विधान से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा.अर्चना के साथ प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी, माँ सरस्वती एवं गायत्री माता की अराधना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बच्चों को तिलक लगाकर स्कूली सामग्री स्वरूप पेंसिल, रबर, कॉपी देकर ओम एवं स्वास्तिक चिन्ह बनवाकर विद्यारंभ कराया गया। ग्रेंड पैरेंट्स डे 24 जनवरी को मनाया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा विशेष पूजा.अर्चना के साथ माँ सरस्वती तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा उनके दादा-दादी, नाना-नानीयों के चरण पखारकर आशिर्वाद लिया गया। इसके उपरांत सुमधुर गीतों की प्रस्तुति में भिन्न-भिन्न प्रकारों की खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। जिसमें सभी वरिष्ठजनों ने भाग लिया और इन आयोजनों को बहुत सराहा। इस अवसर पर संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी सभी वरिष्ठजनों का आभार जताया एवं दादा-दादी, नाना-नानीयों द्वारा बच्चों को संस्कार देने में महति भूमिका निभाने हेतु साधुवाद दिया। साथ ही साथ बाजपेयी जी ने कहा कि बच्चों को अपने धर्म-संस्कार का पालन करना सिखाने की जवाबदारी माता-पिता के अलावा दादा-दादी, नाना-नानीयों की भी होती है। बच्चों के पहले गुरू माता-पिता के अलावा दादा-दादी, नाना-नानी भी होते है। इस कारण वरिष्ठजनों से बाजपेयी जी ने आग्रह किया कि बच्चों को अपने धर्म को निष्ठा से पालन करने के साथ ही साथ अन्य सभी धर्मों का आदर करने की सीख देने की कामना की। इस अवसर पर डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती श्रीमती आरती पिल्लई, एच.एम. श्रीमती वैशाल सिंग, श्रीमती स्नेहा तिवारी, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभी स्टॉफ उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# हाथों में तिरंगा और गगन भेदी राष्ट्रभक्ति नारों से गूंजा संपूर्ण नगर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत माता के प्रति समर्पण, राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने तथा युवाओं में राष्ट्रीय चेतना के सशक्त संचार के उद्देश्य से वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजनांदगांव इकाई द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राष्ट्गान एवं भारत माता के जयघोष के साथ हुआ। हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थी च्वंदे मातरम्ज् एवं च्भारत माता की जयज्ज् के गगनभेदी नारों के साथ आगे बढ़े। यात्रा के दौरान संपूर्ण नगर का वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का प्रतीक है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि.क्रक्कक ऐसा छात्र संगठन है, जो अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों के साथ युवाओं को राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। कार्यक्रम में राजनांदगांव कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्री ऋषि देव चौधरी जी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद युवाओं में नेतृत्व के साथ-साथ चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का भाव विकसित करती है, जो समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रांत सह छात्रा प्रमुख सुश्री उर्वशी वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है और यह तिरंगा यात्रा उसी राष्ट्रीय स्वाभिमान की सशक्त अभिव्यक्ति है। प्रांत सहमंत्री श्री अमन नामदेव ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध एवं सेवा भावना को जागृत करना है। कार्यक्रम में विभाग छात्रा प्रमुख पूर्वा समर्थ जिला संयोजक श्री धनंजय पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति से आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त हुई तथा उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम अनुशासनपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं नगर मंत्री श्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह तिरंगा यात्रा भारत माता के प्रति आस्था, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है।

# राजा भानपुरी में सस्वर मानस गायन सम्मेलन 31 जनवरी और 1 फरवरी को

**तुमड़ीबीड़ ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम राजा भानपुरी में युवा ग्रामीण विकास समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वधान में दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 31 जनवरी और 1 फरवरी को किया जा रहा है। प्रथम दिवस 31 जनवरी को आमंत्रित मंडलिया इस प्रकार हैं शिव शक्ति मानस परिवार सलोनी (रायपुर )श्री तुलसी मानस मंडली रातापायली डोंगरगांव (डोंगरगांव ),शिव शक्ति मानस मंडली खम्हरिया ( धमतरी), गौरी महिला मानस मंडली रेंगाकठेरा ( गुंडरदेही), श्री राम अनुराग मानस परिवार अरकार( बालोद), सुरसाधना बालिका मानस मंडली चंद्रसुर (धमतरी), जय गुरुदेव संकीर्तन मानस मंडली पिंगेश्वर (गरियाबंद), मारुति मानस मंडली कळेमुळे ( धमतरी), जागृति महिला मानस मंडली भौथली( गुण्डरदेही), वही दूसरे दिन 1 फरवरी को आमंत्रित मंडलिया इस प्रकार है, श्री रामसचि मानस परिवार डोटोपार गुरुर (धमतरी), श्री आदर्श मानस मंडली कबीर मठ नांदिया( डोंगरगांव), सरस्वती कला निकेतन मानस परिवार भेड़ीकला (राजनांदगांव), श्री राम प्रज्ञा मानस परिवार कोल्हापुरी( डोंगरगांव), स्वरांजलि मानस परिवार तुमाकला(धमधा),श्रद्धा महिला मानस मंडली कचना भाखरा (रायपुर), नवज्योति महिला मानस मंडली भाठागांव ( कुरूद ),जय मां सरस्वती महिला मानस मंडली ककोड़ी (धमतरी), दक्षिणमुखी मानस परिवार स्टेशनपारा (राजनांदगांव), शामिलहै। प्रथम दिवस 31 जनवरी को दीप प्रज्वलित एवं शुभारंभ सुबह 10:00 बजे होगा, जिसके मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव (महापौर राजनांदगांव), अध्यक्षता श्रीमती प्रतिभा चंद्राकर (जनपद पंचायत अध्यक्ष), विशेष अतिथि अशोक देवांगन, मनोज साहू, श्रीमती पुष्पा उईके,खेदु यादव ,भारत भूषण शुक्ला, । द्वितीय दिवस 1 फरवरी को समापन समारोह रात्रि 10:00 बजे के मुख्य अतिथि नीलू शर्मा (अध्यक्ष पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ शासन), जीतू मुदलियार( शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव), विशेष अतिथि नरपिंदर सिंह गिल, ऑकार साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, सचिव लुकेश्वर साहू, व्यवस्थापक वजन साहू देवेंद्र साहू ,कोषाध्यक्ष मोरध्वज साहू, उपाध्यक्ष मीलू सार्वा,संगठन सचिव लुकेश्वर साहू, सहसचिव पूनम चंद साहू, प्रचार सचिव मिथिलेश कुमार साहू, मंच संचालन हिमाचल साहू (नदिया ) षटेन्द्र साउंड सिस्टम साउंड सर्विस( चारभाठा) है।

## निधन

**अर्चना सिंह परिहार**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मठपरा निवासी स्वर्गीय अजय सिंह परिहार की पत्नी श्रीमती अर्चना सिंह परिहार 64 का दुखद निधन गुरुवार को सुबह हो गया है आप विशाल सिंह परिहार की माता एवं संजय सुनील परिहार की बड़ी भाभी थी जिनकी अंतिम संस्कार यात्रा मुक्तिधाम के लिए शाम 4:00 बजे मठपारा मुक्तिधाम में किया गया।

# महात्मा गांधी नरेगा योजना से ग्रामीणों को रोजगार देने ग्राम पंचायत वार हुई कार्यों की समीक्षा

## सभी ग्राम पंचायतो में कार्य प्रारंभ करने के दिए गए निर्देश, निर्माण कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता पर कार्यवाही के निर्देश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए सभी ग्राम पंचायत में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम द्वारा दिये गए है। निर्देशानुसार जनपद पंचायत बोड़ला के सभी तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक सहायक परियोजना अधिकारी के के साहू एवं सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा विनीत कुमार दास द्वारा ली गई। बैठक में ग्राम पंचायतो में श्रमिक नियोजन, लक्ष्य के विरुद्ध अर्जित मानव दिवस, अप्रारंभ आजीविका डबरी, मोर गाँव मोर पानी अंतर्गत स्वीकृत सोख्क पिट निर्माण कार्य, अपूर्ण कार्यो को प्रारम्भ करने, इंकेवाईसी में प्रगति लाने, लंबित सामग्री भुगतान, सामाजिक आरक्षण एवं लंबित मास्टर रोल के संबंध में ग्राम पंचायत वार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित तकनीकी सहायकों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को एपीओ श्री के के साहू द्वारा निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी ग्राम पंचायत में निकासी कार्य आजीविका डबरी, सामुदायिक डबरी, तालाब गहरीकरण एवं अमृत सरोवर जैसे कार्यो को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने के स्वीकृत कार्यो को प्रारंभ किया जाना है। वर्तमान में अधिक से अधिक पंजीकृत ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए आवश्यकता अनुसार नए कार्यो की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल संरक्षण से संबंधित नाला गाद निर्देश दिए गए। बैठक की पूर्व सूचना जारी करने के उपरांत भी कुछ ग्राम रोजगार सहायक द्वारा बिना अनुमति बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित को कारण बताओ सूचना जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला आकाश राजपूत ने सभी आवास निर्माण कार्य में मास्टर रोल जारी करने के निर्देश दिए और आवास योजना को प्रेरित कर निर्माण कार्य में प्रगति लाने कहा गया। मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष को देखते हुए जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक को निर्देश करते हुए कहा गया कि कार्यों को पारदर्शिता के साथ पूरा करे और समय पर मजदूरी भुगतान किया जाय।

# धर्म समाचार....

## सूर्य की तरह चमकना है तो धारण करें 'माणिक्य', पहनने से पहले जान लें ये जरूरी नियम

रत्नों की दुनिया में माणिक्य (क्ह्ह्ड्ड4) को 'रत्नों का राजा' कहा जाता है। यह न केवल दिखने में बेहद खूबसूरत और आकर्षित है, बल्कि ज्योतिष शास्त्र में भी इसे सबसे शक्तिशाली रत्नों में से एक माना गया है। लाल रंग का यह रत्न सीधे तौर पर ग्रहों के राजा सूर्य से संबंधित है। आइए जानते हैं इसकी खासियत और लाभ क्या हैं।

**सूर्य का आशीर्वाद और माणिक्य**

रत्न विज्ञान संहिता और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य हमारे आत्मविश्वास, पिता के साथ संबंधों, मान-सम्मान और नेतृत्व क्षमता का कारक है। जब किसी व्यक्ति की कुंडली में सूर्य कमजोर होता है, तो उसे अक्सर असफलता, शारीरिक कमजोरी और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। ज्योतिष ग्रंथ बृहत्संहिता के मुताबिक, ऐसी स्थिति में माणिक्य धारण करना सूर्य की ऊर्जा को सक्रिय करने का काम करता है।

**माणिक्य पहनने के लाभ**

आत्मविश्वास में वृद्धि: अगर आप भीड़ में बोलने से डरते हैं या फैसले लेने में हिचकिचाते हैं, तो माणिक्य आपके भीतर एक नई ऊर्जा और साहस भरता है।

करियर और सत्ता: शास्त्रीय ग्रंथ फ्लदीपिका के आधार पर जो लोग प्रशासनिक सेवाओं , राजनीति या उच्च पदों पर जाना चाहते हैं, उनके लिए माणिक्य भाग्य खोलने वाला माना जाता है।

सेहत में सुधार: आयुर्वेद रत्न निर्देशिका के अनुसार, आयुर्वेद और ज्योतिष के अनुसार, माणिक्य पहनने से हृदय संबंधी समस्याओं और आंखों की रोशनी में सुधार होता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। रिश्तों में मजबूती: इसे पहनने से पिता के साथ चल रहे वैचारिक मतभेद दूर होते हैं और समाज में आपका रूतबा बढ़ता है। रत्न परीक्षा ग्रंथ के अनुसार, माणिक्य जितना प्रभावशाली है, उतना ही संवेदनशील भी। अगर आपकी कुंडली में सूर्य की स्थिति प्रतिकूल है, तो इसे पहनने से आपको सिरदर्द, आंखों में जलन या अहंकार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसे कभी भी हीरा, नीलम या गोमेद के साथ पहनने की सलाह नहीं दी जाती, क्योंकि ये ग्रह आपस में शत्रुता रखते हैं। माणिक्य को हमेशा सोने या तांबे की अंगूठी में पहनना चाहिए। इसे रविवार की सुबह सूर्योदय के समय, गंगाजल और कच्चे दूध से शुद्ध करने के बाद अनामिका उंगली में धारण करना सबसे उत्तम होता है।

## जनवरी का आखिरी प्रदोष व्रत, दांपत्य जीवन में खुशहाली के लिए ऐसे करें पूजा

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। जब यह व्रत शुक्रवार को पड़ता है, तो इसे 'शुक्र प्रदोष' कहा जाता है। शुक्र प्रदोष व्रत 30 जनवरी को रखा जाएगा। यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा पाने के साथ-साथ सुख-समृद्धि और सौभाग्य के लिए भी बेहद खास माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, सूर्यास्त के समय जब दिन और रात का मिलन होता है, उसे 'प्रदोष काल' कहा जाता है। मान्यता है कि इस समय भगवान शिव कैलाश पर्वत पर प्रसन्न होकर नृत्य करते हैं। उस वक्त सभी देवी-देवता उनकी स्तुति कर रहे होते हैं। शुक्र प्रदोष के दिन अगर कोई भक्त निष्काम भाव से शिव-शक्ति की संयुक्त रूप से पूजा करता है, तो उसे 100 गायों के दान के बराबर पुण्य फ्त मिलता है। यह समय ब्रह्मांड की सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। इसलिए, इस दौरान किया गया ध्यान और मंत्र जाप सीधे महादेव तक पहुंचता है। और, आपके जीवन की नकारात्मकता जड़ से खत्म हो जाती है।

**प्रदोष व्रत का धार्मिक महत्व**- शास्त्रों के अनुसार, प्रदोष व्रत करने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। शुक्रवार को पड़ने वाले प्रदोष व्रत का संबंध भौतिक सुखों और ऐश्वर्य के स्वामी 'शुक्र' ग्रह से भी है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से दांपत्य जीवन में मधुरता आती है और आर्थिक परेशानियां समाप्त होती हैं।

**30 जनवरी 2026: पूजा का शुभ मुहूर्त**- इस साल 30 जनवरी को माघ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि है। प्रदोष व्रत की पूजा हमेशा शाम के समय यानी 'प्रदोष काल' में की जाती है। ज्योतिष गणना के अनुसार, पूजा के लिए सबसे उत्तम समय सूर्यास्त के लगभग 45 मिनट पहले और 45 मिनट बाद तक का होता है। इस दिन शाम को शिव आराधना करने से सोया हुआ भाग्य भी जाग उठता है।

पंचांग के अनुसार, 30 जनवरी को सुबह 11 बजकर 09 मिनट पर माघ शुक्ल त्रयोदशी तिथि शुरू होगी और अगले दिन 31 जनवरी को सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर इसका समापन होगा। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 59 मिनट से रात 8 बजकर 37 मिनट तक रहेगा।

**पूजा की सही विधि** - स्नान और संकल्प:और सफेद रंग के वस्त्र धारण करें (शुक्र प्रदोष पर सफेद रंग शुभ माना जाता है)। व्रत का संकल्प लें। शिव अभिषेक: प्रदोष काल (शाम) में दोबारा स्नान कर शिव मंदिर जाएं या घर पर ही शिवलिंग का गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक करें।

nandgaon times jan-30-3.qxd 1/29/2026 11:56 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# वैचारिक स्वतंत्रता का आंदोलन स्वदेशी अभियान है - अरुण साव

## स्वदेशी मेले के समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव पहुंचे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा स्टेट हाई स्कूल में आयोजित स्वदेशी मेले के समापन समारोह में आज उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केदार केदार गुप्ता ने समापन समारोह मैं शामिल हुए और इस अवसर पर अपनी आसंदी से अरुण साव ने कहा कि प्राचीन काल से देश स्वाभिमानी और स्वावलंबी रहा, प्राचीन काल मे हमारे देश ने दुनिया को दिया ही दिया था। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में हमने पूरी दुनिया को वेद पुराण दिए, शिक्षा का केंद्र नालंदा परिसर, दिया चिकित्सा और विज्ञान कौशल दिया । उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा *वसुदेव कुटुंबम* के भाव से यह स्पष्ट होता है कि हम दुनिया को अपना परिवार मानते हैं ।श्री साव ने कहा कि मुगलों के बाद अंग्रेजों ने हमारी विचारधारा के ऊपर एक नई विचारधारा को थोपा । पश्चिम विचारधारा से हम ग्रसित हो गए । हमारे मान बिंदुओं पर चोट पहुंचाई गई, हमारे आराध्य और आस्था के केंद्र,हमसे छीन लिए गए । जिससे हम कुंठित हो गए । साव ने कहा कि हम 1947 को स्वतंत्र तो हो गए परंतु हम वैचारिक रूप से आज भी पश्चिम विचारधारा से बंधे हुए हैं । हमारी मूल विचारधारा आज भी हमसे दूर है, उन्होंने कहा कि विचारधारा की स्वतंत्रता ही स्वदेशी आंदोलन का मुख्य ध्येय है । श्री साव ने मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में भारत के प्रति जो सम्मान का भाव था, वह कालांतर में समाप्त हो गया हम दूसरों पर आश्रित हो गए, जिनका उन्होंने दुरुपयोग

किया । परंतु 2014 के बाद माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण देश में ताकत आई है, जिसके कारण हमने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को घुसकर मारा, उन्होंने कहा कि विचारों के वेग के कारण ही यह ताकत आई है .पहले हम आयातक देश थे अब निर्यातक देश हो चुके हैं । सैनिकों के जूते भी हमारे देश में नहीं बनते थे । ऐसे में भारत को समग्र स्वालंबी और स्वाभिमानी बनाना है तो एक ही विचार है स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना ।लोगों को प्रेरित करना और लोगों के विचारों को स्वदेशी में बदलना । इस दिशा में यह महत्वपूर्ण है कि देश के लोगों का पसीना और पैसा जिस प्रोडक्ट में लगे वह अपनाना है, तभी हम भारत को नई दिशा की ओर बढ़ा पाएंगे ।कार्यक्रम के अंत में अरुण साव ने संस्काराधानी नगरी में स्वदेशी मेला की इतिहासिक सफ्लता पर राजनांदगांव की जनता को धन्यवाद भी दिया । इस अवसर पर पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मर्यादित संघ के अध्यक्ष केदार गुप्ता ने भी स्वदेशी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसे जन जन का आंदोलन बनाने का आवाहन किया । कार्यक्रम का सफ्ल संचालन विजय मानिकपुरी ने किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर मधुसूदन यादव,जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,उद्योगपति बहादुर अली, विष्णु साव, विनोद उढढा, योगेश बागडी, कमलेश बैद, सौरभ कोठारी, अन्जु त्रिपाठी,गीता साहू, सुधा पवार, मूलचंद भंसाली, अशोक चौधरी,राजा मखीजा, मनोज निर्वाणी, किशुन यदु,चंद्रशेखर शर्मा, पारस वर्मा, राजकुमार शर्मा, रवि सिन्हा, साहिल गोलछा सहित बड़ी संख्या में स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित थे । समापन समारोह में सर्वप्रथम कार्यक्रम प्रतिवेदन संयोजक विनोद डढढा ने दिया एवं आभार प्रदर्शन योगेश बागड़ी ने किया । सम्मान समारोह आयोजित किया- स्वदेशी मेले में स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए स्वच्छता प्रभारी हकीम खान का विशेष रूप से सम्मान किया गया ।महिला समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया ।

## शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव के बच्चों ने जुग छाया भंसाली कृषि फार्म एवं होटल छत्तीसगढ़ पैलेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों ने फ्लदार वृक्षों की अनेकों प्रजातियों की जानकारी प्राप्त किया जिसमें प्रमुखतः आम, अमरूद ,चीकू ,नींबू , बेर, जामुन शामिल थे । फार्म हाउस में परंपरागत चीजे - कंडील

लैंप,बैलगाड़ी चुग्गा दाना घर ,पेंगुइन डस्टबिन, पेड़ों पर चित्रकारिता और झूलों ने बच्चों के उत्साह और आनंद में चार चांद लगाए, तत्पश्चात होटल छत्तीसगढ़ पैलेस के ऑनर द्वारा बच्चों के लिए जयकेदार भोजन की व्यवस्था की गई थी जिसका बच्चों ने खूब आनंद उठाया भोजन पश्चात सभी के लिए आइसक्रीम की व्यवस्था ने बच्चों का मन मोह लिया। जिसके लिए शाला प्रबंधन समिति एवं शाला परिवार ने सभी के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष दुलार राम नेताम शिक्षाविद रेखन वर्मा खेमिन वर्मा तामेश्वरी मंडावी शैक्षिक संकुल समन्वयक धनसाय सलामे संस्था के प्रमुख प्रधान पाठक डोमन लाल सिन्हा सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू वीणा सोनी मैडम, दिनेश वर्मा उपस्थित थे।

## सेवा के माध्यम से जीवन में परिवर्तन लाना हमारा उद्देश्य : संजय सिन्हा

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य

केन्द्र गैंदाटोला में जीवनदीप समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । श्री सिन्हा ने बैठक के दौरान चर्चा में कहा कि आज के समय में जब स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, ऐसे समय में जीवन दीप समिति निस्वार्थ सेवा, प्रेम और सहयोग का संदेश देती है। समिति के सदस्य बिना किसी दिखावे के समाजहित में कार्य कर रहे हैं,यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है, पश्चात् बैठक में आय व्यय का व्यवरा प्रस्तुत किया गया,साथ ही प्रबंधन की मांग पर आवश्यक दवा खरीदी,उपकरण खरीदी हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी बैस मैडम व उनके सहयोगी स्टाफ को बेहतर प्रबंधन के लिए धन्यवाद भी दिया । इस बैठक में जीवनदीप समिति के सदस्य डॉ उमेश भगत एम बी बी एस विकासखंड चिकित्सा अधिकारी,श्रीमती हेमिन साहू सभापति जनपद सदस्य, रामकुमार साहू,सरपंच, उपसरपंच, सचिव मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

ESTH.- 2201IP5419081R
अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्ट्स
MEENA / OMPRAKASH SAHU
8103343687 7974168631
9685979679
पता - करहद चौक, बाई पास रोड, रेवाडीह, राजनांदगांव (छ.ग.)

# जनपद पंचायत कार्यालय का हो रहा कायाकल्प, सब का साथ सब का विकास - रंजीता

## जीर्णोद्धार पश्चात मिलेगा स्वच्छ व हरित परिसर, सुगम व्यवस्थाएँ और आधुनिक सुविधाएं

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्तमान समय के अनुसार आवश्यक संसाधन और तकनीक के साथ कार्यों को त्वरित रूप से सम्पन्न कराया जा सकता है। इसी विकास की राह पर चलते हुए जनपद पंचायत डोंगरगांव में वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था मे स्थित कमरों और कार्यालय के अन्य स्थानों का कायाकल्प किया जा रहा है। वर्तमान में जनपद पंचायत कार्यालय में चल रहे विकास कार्य से सब का विकास होगा, हरित वातावरण में सुगम व्यवस्था के साथ आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता कपिल पडौती ने कहा कि सब का साथ सब का विकास ही हमारा उद्देश्य है और लक्ष्य भी। हमारी पहल और उपाध्यक्ष तथा सभापति एवं सदस्यों के समर्थन से जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग डोंगरगांव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत भवन का एक नया कीर्तिमान स्थापित करने हेतु कार्यालय में आवश्यक कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के तहत अध्यक्ष कक्ष जीर्णोद्धार कार्य, उपाध्यक्ष कक्ष के साथ-साथ समूचे जनपद परिसर में जहाँ-जहाँ मरम्मत की आवश्यता है, वहाँ जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है।

इसके साथ ही सीईओ कक्ष जीर्णोद्धार कार्य एवं वी.सी. कक्ष सहित परिसर के अन्य स्थानों पर कार्य जारी है। श्रीमती पडौती ने कहा कि हमारे परिसर एवं शासकीय कार्यालय को नया स्वरूप प्रदान करने का कार्य केवल भौतिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि हमारी कार्य, संस्कृति, सोच और सेवा भावना में भी सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। किसी भी शासकीय कार्यालय की पहचान केवल उसकी इमारत से नहीं, बल्कि वहाँ कार्य करने वाले कर्मचारियों की निष्ठा, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण से होती है। जब कार्यालय का वातारण स्वच्छ, सुव्यस्थित और आधुनिक होता है तो वहाँ कार्य क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ आम नागरिकों में विश्वास भी उत्पन्न होता है। आज जिस नये स्वरूप की हम शुरूवात कर रहे है, उसमें स्वच्छता, हरित परिसर, सुगम व्यवस्थाएँ और आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इसका उद्देश्य केवल सौंदर्य बढ़ाना नहीं बल्कि ऐसा वातारण बनाना है जहाँ कर्मचारी उत्साहपूर्वक कार्य करें और आमजन को सहज, सम्मानजनक एवं त्वरित सेवाएँ प्राप्त हों। हमारा उद्देश्य इस जनपद परिसर को उत्कृष्ट कार्य एवं जनसेवा का आदर्श केन्द्र बनाना है, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी के साथ की आवश्यकता है।

## डोंगरगढ़ शहर के यातायात के विषय में गंभीर चर्चा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में लगातार होने वाले सड़क दुर्घटना के विषय में डोंगरगढ़ शहर के नवीन एसडीओपी केसरी नायक, डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी पी डब्ल्यू डी के के सिंह के साथ भूतपूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान ने बैठक कर चर्चा की। उक्त

बैठक का मुख्य विषय डोंगरगढ़ के यातायात हेतु सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई विजयराज सिंह ने सभी अधिकारियों से निवेदन किया कि पिछले 1 वर्ष से डोंगरगढ़ शहर में भारी वाहन प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने हेतु मांग की जा रही है,जिसमें कहा गया था कि प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 11:00 तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रोका जाए अभी कुछ दिन पूर्व ही डोंगरगढ़ के एक युवक की ट्रक के चपेट में आने से पूरा पैर कुचला गया जिसके कारण युवक का एक पैर काटना पड़ा और इसके पूर्व भी एलबी नगर, देवकट्टा, रामाटोला, मक्काटोला डोंगरगढ़ सहित कई ग्रामों में गंभीर दुर्घटना एवं दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी हैं। परंतु इस विषय में अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया जिसके लिए कांग्रेसी पुनः आंदोलन की तैयारी में थे, अतः मौजूदा स्थिति को देखते हुए डोंगरगढ़ एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं एसडीओ पीडब्ल्यूडी के द्वारा चिन्हांकित स्थान पर साइन बोर्ड एवं आरक्षक तैनात करने की बात कही गई। हाई स्कूल चौक में प्रातः 7:00 बजे से ट्रैफिक कंट्रोल हेतु आरक्षक की परमानेंट व्यवस्था की जाएगी, थाना चौक में भी आरक्षक प्रतिदिन तैनात रहेंगे तथा उच्च अधिकारियों से चर्चा कर डोंगरगढ़ में भारी वाहन प्रवेश को रोकने हेतु शीघ्र व्यवस्था की जाएगी यह आश्वासन दिया गया। उक्त बैठक में पार्षद राहुल यादव, के विनायक राव, मंडल अध्यक्ष दिनेश साखरे, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा गुप्ता,कुणाल सिंहा उपस्थित थे।

## चकनार नर्मदा में चार दिवसीय श्रद्धा, संस्कृति और परंपरा का संगम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के खैरागढ़- छुईखदान- गंडई में माँ नर्मदा की असीम कृपा और आशीर्वाद से माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम चकनार नर्मदा में इस वर्ष भी पूर्व की भांति ऐतिहासिक नर्मदा मेला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 30 एवं 31 जनवरी तथा 01 व 02 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धा, आस्था, लोकसंस्कृति और जनसहभागिता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।महोत्सव का मुख्य दिवस 01 फरवरी 2026 रविवार को रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री नीलू शर्मा जी, अध्यक्ष, पर्यटन बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे माननीय श्री विक्रांत सिंह जी, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत क.सी.जी. । महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या को और भी विशेष बनाते हुए 01 फरवरी को शाम 7 बजे सुप्रसिद्ध लोक गायक जस सम्राट सुनील बंसोड़ की विशेष प्रस्तुति होगी जिसमे छत्तीसगढ़ी गीत एवं भजनो का आनंद लेने को मिलेगा नर्मदा मेला महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और परंपराओं का प्रतीक है। दूर-दराज़ से श्रद्धालु माँ नर्मदा के दर्शन एवं पुण्य स्नान हेतु पहुँचते हैं और मेला परिसर में विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं। इस भव्य आयोजन का संचालन धर्मस्व, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यवाहक संरक्षक श्री लालचंद पटेल सरपंच, ग्राम पंचायत चकनार नर्मदा, श्रीमती वंदना पटेल विनीत माँ धर्माथ सेवा समिति ग्राम पंचायत चकनार नर्मदा प्रमुख श्री एम. एल. जथला अध्यक्ष श्री बी. आर. सिन्हा आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित इस ऐतिहासिक नर्मदा मेला महोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति का आनंद लें। लोकसंस्कृति का आनंद लें।

**1 फरवरी को सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील बंसोड़ की प्रस्तुति**

# धान खरीदी नीति से किसानों का शासन पर बढ़ा विश्वास

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को मिल रहा अच्छा लाभ, समयबद्ध भुगतान होने से किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए मिल रही सुविधा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन द्वारा लागू धान खरीदी नीति से किसानों का शासन के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी, समय पर भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था के कारण किसान स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों को अब पहले की तुलना में अधिक सुविधाएँ मिल रही हैं। पंजीयन से लेकर तौल और भुगतान तक की प्रक्रिया सरल और डिजिटल होने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है। इससे किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हो रहा है। शासन का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाना है। इसके लिए धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निगरानी और त्वरित समाधान की व्यवस्था की गई है। ग्राम जंगलेसर के किसान श्री शिव कुमार ने बताया कि वे अंतिम ऑनलाईन टोकन के माध्यम से धान उपार्जन केन्द्र कन्हारपुरी में 145 क्विंटल धान का विक्रय किया है। किसान श्री शिव ने बताया कि उनके पास 39 एकड़ खेती जमीन है। जिसमें वे खरीफ मौसम में धान

और रबी मौसम में गेंहू, मक्का की खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि फसल विविधीकरण और खेती-किसानी के लिए समय-समय खाद-बीज की सहज उपलब्धता से फसल अच्छी हुई है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनका पूरा धान समर्थन मूल्य पर विक्रय हो गया है। जिससे उनको बहुत अच्छा लाभ मिला है। किसान श्री शिव ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र आने के बाद उनके धान की तौलाई इलेक्ट्रानिक मशीन के माध्यम से पारर्शितापूर्वक शीघ्र किया गया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र कन्हारपुरी में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। किसान श्री शिव कुमार साहू ने बताया कि पहले धान बिक्री में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान नीति से यह समस्याएँ दूर हुई हैं। समयबद्ध भुगतान होने से किसानों को अगली फसल की तैयारी में भी सहूलियत मिली है। किसान श्री शिव ने बताया कि पिछले वर्ष धान की बिक्री से प्राप्त राशि से वे अपनी आजीविका के साथ-साथ खेती-किसानों के कार्य में मददगार साबित हुई है। धान विक्रय की प्राप्त राशि का उपयोग अपने खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सही दर पर धान खरीदी की जा रही है। धान खरीदी नीति ने किसानों और शासन के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी स्थापित की है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सकारात्मक दिशा मिल रही है। शासन की धान खरीदी नीति से वे बहुत संतुष्ट है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को कृतज्ञता ज्ञापित किया हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com